संक्षिप्त

लालसोट की आयुषी फ्रांस में करेंगी शोध

लालसोट, (निसं)। शिक्षा और शोध के क्षेत्र में लालसोट की बेटी आयुषी त्रिपाठी ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए फ्रांस की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ टूलूज में शोध कार्य के लिए चयन प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता से परिवार, शिक्षकों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। आदर्श विद्या मंदिर, लालसोट परिवार ने आयुषी की इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र की अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। विद्यालय प्रबंधन समिति और शिक्षकों ने विश्वास जताया कि आयुषी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शोध कार्य से देश और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। आयुषी की इस उपलब्धि को लालसोट के लिए गौरवपूर्ण क्षण माना जा रहा है। सामाजिक एवं शैक्षिणक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सत्यम हॉस्पिटल को मिला एनएबीएच प्रमाण पत्र

फुलेरा, (निसं)। सत्यम हॉस्पिटल को नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स (एनएबीएच) का प्रमाण पत्र मिलने तथा रेलवे स्टेशन मार्ग चौड़ीकरण के लिए भूमि दान करने वाले भामाशाहों के सम्मान में रविवार को अंबेडकर भवन में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फुलेरा व्यापार महासंघ की ओर से हॉस्पिटल प्रबंधन एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया। व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा ने बताया कि सत्यम हॉस्पिटल को एनएबीएच प्रमाण पत्र मिलने से फुलेरा सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना का लाभ भी प्रभावी रूप से मिल सकेगा। इस अवसर पर सत्यम हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सुरेश मोगिया, डॉ. प्रखर मोगिया, डॉ. विशेष मोगिया, डॉ. नयनतारा मोगिया, डॉ. अंशिका मोगिया सहित अस्पताल स्टाफ का सम्मान किया गया।

जन्मदिन पर वृक्ष लगाया

मनोहरपूर, (निसं)। 33/11 केवी विद्युत ग्रेड मे कार्यरत ओम प्रकाश सैनी ने अपना जन्मदिन वृक्षारोपण करके मनाया। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मनोहरपूर के कनिष्ठ अभियंता राकेश कुमावत ने कहा कि अपने जन्मदिन पर वृक्ष को लगाना ये एक अच्छी पहल है। कुमावत ने कहा कि वृक्ष हमको लाखों रूपए कि ऑक्सीजन नि:शुल्क देते है वातावरण हराभरा रहता है वर्षा समय पर आती है अकाल नहीं पड़ता है। सैनी ने उपस्तिथ कर्मचारियों को समझाया कि वृक्षारोपण करके पेड़ो को अपनी औलाद कि भांति पालना चाहिए इससे तन व मन को सुकून मिलता है। उल्लेखनीय है कि सैनी सभी पेड़ो मे समय समय पर पानी देते रहते है इसी कारण अधिकारी व कर्मचारी ज़ब भी पेड़ लगाते है ओम प्रकाश सैनी को ही पेड़ कि देखभाल कि जिम्मेदारी देते है।

मोहर्रम ताजिया को लेकर सीएलजी बैठक आज

लालसोट। मोहर्रम ताजिया के अवसर पर कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में मंगलवार, 23 जून 2026 को प्रात: 10 बजे थाना लालसोट परिसर में सीएलजी (कम्युनिटी लाइजन ग्रुप) की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृत्ताधिकारी तथा थानाधिकारी लालसोट मौजूद रहेंगे। थानाधिकारी ने सभी सीएलजी सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर आवश्यक सुझाव देने एवं बैठक को सफल बनाने का आग्रह किया है।

युवक ने आत्महत्या की

बौंली- बामनवास, (निसं)। नगर पालिका मुख्यालय बौंली के आवासीय क्षेत्रमे एक 22 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार हनुमान सैनी उर्फ अनु उम्र 22 वर्ष ने अपने घर में फांसी का फंदा लगा लिया, सूचना के बाद बौंली पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को चिकित्सालय के मोर्चरी में रखवाया गया।

अधिकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर पात्र लोगों को राहत प्रदान करें : सांसद

टोंक, (निसं)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सोमवार को टोंक-सवाई माधोपुर सांसद हरीश चंद्र मीणा की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सांसद ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर पात्र लोगों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

टोंक-सवाई माधोपुर सांसद हरीश मीणा की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में बैठक आयोजित हुई।

- सांसद ने जिला कलेक्टर से विगत 5 वर्षों में डीएमएफटी फंड में हुए खर्च की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए कहा

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें, ताकि आमजन को योजनाओं का त्वरित लाभ मिले। अधिकारी योजनाओं कि क्रियान्वित करते समय विधि सम्मत कार्य करें। संवेदनशीलता और पारदर्शिता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जिले का विकास और लोगों की समस्याओं का समाधान करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बीसलपुर डैम के आसपास के क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की कार्य योजना बनाने के लिए जिला कलेक्टर टीना डाबी से कहा, ताकि स्थानीय निवासियों को रोजगार उपलब्ध हो सकें।

सांसद ने जिला कलेक्टर से विगत 5 वर्षों में डीएमएफटी फंड में हुए खर्च की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए कहा। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना को जिले में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने, अवैध बजरी परिवहन पर लगाम लगाने, साइबर क्राइम एवं लोगों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक करने पर जोर दिया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश गोयल से कहा कि जिले में पेयजल वितरण की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं।

जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध तरीके पूर्ण करें। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की जानकारी लेकर सभी वार्डों में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए हैं। विद्युत विभाग की तैयारियों से संतुष्ट नहीं होने पर सांसद ने अलग से बैठक करने के लिए कहा।

उन्होने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से प्रधानमंत्री पोषण योजना, पीएम श्री योजना, दक्षता आधारित आकलन पर चर्चा करते हुए विद्यालयों में स्मार्ट क्लास रूम एवं डोम निर्माण में होने वाले खर्च की जानकारी ली। समाज कल्याण विभाग के राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में कैंप लगाने के लिए कहा।

टोंक जिलाध्यक्ष ने शिविर में पट्टे बांटे

टोंक, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने टोंक विधानसभा क्षेत्र की सांखना एवं भरनी ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों में सहभागिता कर ग्रामीणों से संवाद किया तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को पट्टों का वितरण किया। शिविर में बड़ी ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर आमजन को राहत प्रदान कर रही है। अब लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि प्रशासन स्वयं गांवों तक पहुँचकर सेवाएं उपलब्ध करा रहा है।

फुलेरा में ग्रामीणों ने एसडीएम से की सड़क मरम्मत की मांग

फुलेरा, (निसं)। सांभर-फुलेरा सम्पर्क सड़क से तेज्या के बास पंचायत मुख्यालय को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की हालत खराब होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है और गहरे गड्ढे हो गए हैं। भाजपा एससी मोर्चा जयपुर जिला देहात दक्षिण के पुर्व सचिव मनोज कुमार देवन्दा सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि बरसात में यहां करीब 3 फीट तक पानी भर जाता है, ा

- सांभर-फुलेरा सम्पर्क सड़क से तेज्या के बास पंचायत मुख्यालय को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की हालत खराब होने से ग्रामीण परेशान

उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देते ग्रामीण।

स्कूली बच्चे मजबूरी में इसी रास्ते से गुजरते हैं।ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल 181 सहित कई माध्यमों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी सांभर लेक को ज्ञापन देकर 13 जुलाई को प्रस्तावित शिविर से पहले सड़क मरम्मत व पानी निकासी की व्यवस्था करवाने की मांग की है।

अलवर कलेक्टर ने ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया

अलवर, (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज अलवर तहसील की ग्राम पंचायत बेलाका में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का औचक निरीक्षण कर शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के बारे में आमजन से फीडबैक लिया तथा शिविर में विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र सौंपे।

जिला कलक्टर ने ग्रामीण सेवा शिविर के अवलोकन के दौरान शिविर में लगी प्रत्येक स्टॉल का निरीक्षण कर आमजन को दी जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं की वास्तुस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण सेवा शिविरों का स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार - प्रसार करें, ताकि अधिकाधिक ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान एक छत के नीचे स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सके।

'लोकतंत्र बचाओ' चौपाल में ग्रामीणों को जागरूक किया

निवाई, (निसं)। राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के तत्वावधान में बरथल गांव में ज्वालामुखी माताजी मंदिर में लोकतंत्र बचाओ चौपाल आयोजित की गई।

राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. नरेश मीणा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार एवं निर्वाचन आयोग की मिलीभगत से विगत डेढ़ वर्ष से राज्य में पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के चुनाव नहीं करवाकर लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है, चुनाव नहीं होने से विकास योजनाओं का पैसा पंचायतों में नहीं आने से विकास कार्य ठप्प पड़े है, इसके लिए आमजन को जागरूक होकर लोकतंत्र बचाओ अभियान से जुडऩा होगा, उन्होंने केंद्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए राज्य सभा चुनाव में कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन का नामांकन असंवैधानिक तरीके से निरस्त करने का विरोध किया।

- 'चुनाव नहीं होने से विकास योजनाओं का पैसा पंचायतों में नहीं आने से विकास कार्य ठप्प पड़े है'

लोकतंत्र बचाओ चौपाल में शामिल ग्रामीण व कार्यकर्ता।

उन्होंने बताया कि सरकार ने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी कानून का स्वरूप दिया है। जिसको लेकर उन्होंने लोगों को रोजगार का कानूनी अधिकार खत्म करने के विरुद्ध जनांदोलन करने का आव्हान किया। चौपाल कार्यक्रम में प्रदेश सचिव राजाराम बेनीवाल, जिला महासचिव राजेश खटना, ब्लॉक अध्यक्ष नितेश मीणा, टोंक ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश सांसी व जिला सचिव बद्रीनारायण मीणा ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि कि राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन राजस्थान के आव्हान पर चौपाल कार्यक्रम जिले की पहली लोकतंत्र बचाओ चौपाल है। चौपाल में मोतीलाल मीणा, प्रधान मीणा, मुकेश बैरवा, कैलाश राव, परसराम राव, नोरत मीणा, हंसा बैरवा, सुमन मीणा, सावित्री देवी, अनीता देवी, बादाम देवी, ओमप्रकाश मीणा व गायत्री देवी सहित पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

शाहपुरा में कार का शीशा तोड़कर रुपए चुराने वाली कड़िया सांसी गैंग का पर्दाफाश

शाहपुरा। पुलिस ने चार दिन पूर्व शहर के मुख्य बाजार से दिनदहाड़े कार का शीशा तोड़कर 1 लाख 10 हजार रुपए चुराने वाली कड़ियां सांसी गैंग का पर्दाफाश करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने गैंग के 4 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार 17 अपराधियों ने प्रदेश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, हरियाणा व मध्यप्रदेश के कई स्थानों पर वारदात करना कबूला है। एक सप्ताह से भी कम समय में बडी वारदात का खुलासा कर पुलिस ने लोगों का भरोसा जीता है। डीवाईएसपी लक्ष्मी नारायण सैनी ने बताया कि 18 जून को अमरचंद पुत्र महादेव प्रसाद यादव उम्र 50 साल निवासी ग्राम उदावाला मनोहरपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात लोग उनकी कार का शीशा तोड़कर उसमें रखे 1 लाख 10 हजार रुपए चुरा कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी रिया चौधरी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी सर्विलास, त्वरित निर्णय क्षमता,सीसीटीवी कैमरों व निरंतर प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए रतनगढ़ चूरू से अंतर राज्य कड़िया सांसी गैंग के चार सदस्यों सुमित पुत्र प्रहलाद उमर 22 साल निवासी बांरा,ओंम पुत्र अशोक सांसी उम्र 24 साल निवासी राजगढ़ मध्य प्रदेश,ऋतिक उफ काला पुत्र महेश सांसी निवासी राजगढ़ मध्य प्रदेश,व आतिश पुत्र अमर सिंह सांसी उम्र 25 साल निवासी राजगढ़ मध्य प्रदेश को डिटेन कर गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी रिया चौधरी ने बताया कि आरोपियों ने शाहपुरा के अलावा आगरा, दोसा, बीकानेर, चूरू, डीडवाना, उदयपुर, कोटपूतली व जयपुर शहर में भी इसी तरह से रैकी कर वारदातों को अंजाम देना कबूला।

- गैंग के चार शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार

थाना प्रभारी चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार कडिया सासी गैंग का गिरोह बैंक,बाजार व भीड़ भाड वाले स्थान पर रेकी करता था। और बड़ी नगदी लेकर निकलने वाले लोगों को टारगेट करता था। मौका मिलते ही वाहनों का शीशा, मोटरसाइकिल,स्कूटी की डिग्गी को तोड़कर कुछ समय में नगदी लेकर फरार हो जाते थे।यही नहीं शादी समारोह में भी नदी जेवरात चुराने जैसी संगीन वारदातों को अंजाम दिया जाता था।गैंग के सदस्यों के द्वारा राजस्थान सहित अन्य राज्यों के कई स्थानों से दिनदहाड़े खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़कर नगदी व कीमती सामान चोरी करने की वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है।

विधायक धनखड़ ने जयसिंहपुरा व राजनौता में शिविरों का निरीक्षण किया

पावटा, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र विराटनगर में सोमवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 में विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप धनखड़ ने जयसिंहपुरा और राजनौता में आयोजित शिविरों का निरीक्षण कर आमजन की समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। शिविरों में विभिन्न विभागों ने योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों को लाभान्वित किया। इस दौरान कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। शिविर में सफलता की कहानियां भी बनीं आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें ग्राम सूरजपुरा निवासी 80 वर्षीय सुरेश कुमार धानका का वर्षों से लंबित पट्टा पुनर्विधिमान्यकरण आवेदन शिविर में तत्काल स्वीकृत कर पट्टा प्रदान किया गया, जिससे अब उन्हें बैंक ऋण लेने में सुविधा मिलेगी। वहीं विशेष योग्यजन जोगेंद्र सिंह के परिवार की पात्रता जांच कर उनके बच्चे को पालनहार योजना का लाभ दिलाते हुए मौके पर ही स्वीकृति पत्र जारी किया गया।

ग्रामीण सेवा शिविरों में विधायक धनखड़ ने मौके पर समस्याओं का समाधान करवाया।

- ग्रामीण सेवा शिविर में राजस्व रिकॉर्ड में नामों का शुद्धिकरण, वर्षों पुरानी त्रुटियां दूर, पट्टे हुए वितरित

वही पाव टा उपखंड अधिकारी साधना शर्मा ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों के राजस्व अभिलेखों में भी नाम संबंधी त्रुटियों का संशोधन किया गया। ग्राम राजनौता में 30 शुद्धि पत्र, 6 सहमति बंटवारा, 4 रास्ता प्रस्ताव, 25 नामांकरण, 7 वरिष्ठजन रोडवेज पास, विद्युत विभाग द्वारा सप्लाई समस्या, लॉ वोल्टेज, ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग समस्या का हल सहित जलदाय विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग से संबंधित सहित अनेको समस्याओं का समाधान किया गया। लंबे समय से लंबित इन मामलों के समाधान से ग्रामीणों में खुशी का माहौल रहा और उन्होंने राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन की इस जनहितकारी पहल की सराहना की।

ग्रामीणों ने कहा कि पहले ऐसे कार्यों के लिए उन्हें बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब ग्रामीण सेवा शिविर के माध्यम से गांव में ही त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान मिल रहा है। इससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है। लाभार्थियों ने त्वरित समाधान पर प्रशासन एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीण सेवा शिविरों को जनकल्याण की प्रभावी पहल बताया।

सरकारी अस्पतालों में नकली दवाएं पहुंच रही - जूली

अलवर, (निसं)। विपक्ष नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- मौजूदा समय में राजस्थान की चिकित्सा व्यवस्था ठप हो चुकी है। अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति हो रही है। प्रसूताओं की मौत हो रही है। ऐसे मामले में जिम्मेदारों पर हत्या का मुकदमा होना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचा पूरी तरह चरमरा गया है। बीकानेर और कोटा के बाद अब जोधपुर में भी प्रसूताओं की किडनी फेल होने का गंभीर मामला सामने आया है। अस्पतालों में धड़ल्ले से नकली दवाएं आ रही हैं, लेकिन सरकार पूरी तरह मौन है। जबिना किसी जांच-परख के मरीजों को दवाएं बांटी जा रही हैं, जो सीधे तौर पर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ है। आखिर ये नकली दवाएं कौन खरीद रहा है? यह लापरवाही नहीं, बल्कि हत्या है और भजनलाल सरकार को इस पर तुरंत एक्शन लेना चाहिए। किसानों के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए जूली ने कहा- प्रदेश में ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। लेकिन सरकार मुआवजे को लेकर कोई चर्चा तक नहीं कर रही है।

सार-समाचार

शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेंवे - एडीएम रामावतार मीना

निवाई, (निसं)। ग्राम पंचायत ललवाड़ी में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामावतार मीना की अध्यक्षता में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कार्मिकों ने मुस्तैदी से काम करते हुए ग्रामीणों को सीधे तौर पर लाभान्वित किया। एडीएम रामावतार मीना ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों की सहूलियत के लिए एक ही छत के नीचे कई महत्वपूर्ण कार्य मौके पर ही निष्पादित किए गए। शिविर के अंतर्गत पट्टा वितरण, पशु बीमा योजना की पॉलिसी का वितरण, राजस्व खातों का शुद्धिकरण, खातों का विभाजन एवं नाम संशोधन सहित कई कार्य किए गए। मौके पर ही रास्तों के अतिक्रमण हटवाने एवं पेंशन आवेदन स्वीकार करने के कार्य भी सफलतापूर्वक संपन्न हुए। अपने गांव में ही सीधे तौर पर तुरंत लाभ प्राप्त होने से उत्साहित ग्रामीणों ने राज्य सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में प्रशासक देवालाल गुर्जर ने ग्रामीणों को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों का आव्हान किया कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आमजन तक पूरी संवेदनशीलता के साथ पहुँचाया जाए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार रामकेश मीणा, सिरस नायब तहसीलदार ओमप्रकाश जाटव, निवाई नायब तहसीलदार मुकेशकुमार गुर्जर, डॉ. शिवराज शर्मा सहित कई अधिकारी और कार्मिक उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में रामू वर्मा, अमरसिंह, पूर्व सीआर भेरूलाल, उम्मेदसिंह, राधेश्याम बैरवा, पांचू लोधा, मुंशी खान व गिर्राज माली सहित कई स्थानीय नागरिकों व प्रबुद्धजनों की भी सक्रिय भागीदारी रही।

विद्युत समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए टोल फ्री नंबर जारी

निवाई, (निसं)। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा विद्युत समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए जयपुर डिस्कॉम ने टोल फ्री नंबर जारी किए है, जिन पर की गई शिकायत सीधे फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीम तक पहुंचेगी। सहायक अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जयपुर में एक विशेष कॉल सेंटर स्थापित किया है। इस व्यवस्था के तहत एलटी लाइन, एचटी लाइन व विद्युत सप्लाई से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायतों का निवारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आमजन को किसी भी प्रकार की विद्युत समस्या होने पर कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 18001806507 अथवा 1912 या फिर 0141-2203000 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उक्त कॉल सेंटर पर शिकायत करने पर ही वह अधिकृत रूप से पंजीकृत होगी। कॉल सेंटर पर शिकायत दर्ज होते ही यह स्वत: ही फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीम को अग्रेषित हो जाती है। इसके बाद फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीम के पास शिकायतें तुरन्त पहुँचने से वह प्राथमिकता के आधार पर समस्या का समाधान करने के लिए शीघ्र कार्रवाई करते हैं। उन्होंने बताया कि यदि इन टोल फ्री नंबरों के अलावा किसी अन्य माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो वह सीधे फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीम के पोर्टल पर नहीं जाती है। इस कारण से शिकायत निवारण की प्रक्रिया में अधिक समय लगने का अंदेशा बना रहता है। सहायक अभियंता अ प्रथम ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं एवं आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की विद्युत खराबी होने पर सर्वप्रथम शिकायतें उक्त टोल फ्री नंबरों पर ही दर्ज करवाएं। इससे शिकायतें त्वरित रूप से फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीम पर अग्रेषित होकर बिजली समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र कार्रवाई की जा सकेगी।

डॉ. केतुल कुमावत को रसायन विज्ञान में पीएचडी की उपाधि मिली

कोटपूतली, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम भैंसलाना के होनहार युवा वैज्ञानिक डॉ. केतुल कुमावत ने एक बार फिर अपनी शैक्षिणक और वैज्ञानिक उपलब्धियों से पूरे क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। ''यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड-2025'' से सम्मानित और डॉ. केतुल कुमावत को रसायन विज्ञान में पीएचडी की उपाधि से नवाजा गया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर सोमवार को पावटा में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता धर्मसिंह भैंसलाना एवं बिल्लू राजपूत पावटा के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने डॉ. केतुल कुमावत का साफा बांधकर, माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने युवा वैज्ञानिक की सफलता पर खुशी जाहिर की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. केतुल कुमावत को यह पीएचडी की उपाधि जयनारायण व्यास विष्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा रसायन विज्ञान विषय में प्रदान की गई है। शोध के क्षेत्र में डॉ. कुमावत का अब तक का कैरियर बेहद शानदार रहा है। उनके 13 से अधिक उच्च स्तरीय शोध पत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं। साथ ही विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए भारत सरकार द्वारा उनके 02 भारतीय पेटेंट भी प्रकाशित किए जा चुके हैं।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

पावटा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी जयपुर देहात उत्तर द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर मंगलवार, 23 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रात: 10 बजे पंसारी होटल, मेहरोज मोड़, आंतेला में आयोजित होगा। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री मिथलेश गौतम मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान, राष्ट्रवाद की उनकी विचारधारा तथा उनके बलिदान को स्मरण किया जाएगा। भाजपा जयपुर देहात उत्तर के जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल ने जिले के सभी मंडल अध्यक्षों से अपने-अपने मंडलों के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारियों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं तथा मंडल पदाधिकारियों को कार्यक्रम की सूचना देकर अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनने का आग्रह किया है। जिलाध्यक्ष बादलीवाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान देश की एकता और अखंडता के प्रति समर्पण का प्रतीक है तथा उनका जीवन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहने की संभावना है।

पक्षियों के लिए आज लगाए जाएंगे परिंडे

पावटा, (निसं)। भीषण गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों को राहत पहुंचाने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति, पावटा द्वारा संचालित ''परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ अभियान'' के अंतर्गत आज कोटपुतली के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए जाएंगे। अभियान संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने बताया कि वंदे गंगाजल संरक्षण जन अभियान के तहत प्रात: 9:05 बजे नागाजी की गौर स्थित नागाजी महाराज मंदिर, बावड़ी वाला शिवालय मंदिर, राम दरबार मंदिर, अंबाजी मंदिर, बंडकाचारी मंदिर तथा शीतला माता मंदिर परिसर में परिंडे स्थापित किए जाएंगे, ताकि गर्मी के दौरान पक्षियों को पेयजल उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में संत मखनदास महाराज, सीताराम महाराज, पुजारी योगी, तुलसीदास, राधेश्याम एवं योगेश शर्मा का सानिध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं भामाशाह विजय प्रकाश शर्मा तथा अरुण सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं रोहिताश सैनी, डॉ. जे.पी. कोटिया एवं योगेश कुमार सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अभियान का नेतृत्व प्रकाश चंद तोदवाल, बिल्लू राम सैनी, जितेंद्र कुमावत तथा उदय तोदवाल करेंगे। समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े पुनीत अभियान में सहभागिता निभाने की अपील की है। अभियान का उद्देश्य पक्षियों के संरक्षण के साथ-साथ समाज में जीव-दया एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।